प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 04.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. सरकार ने मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों के लिए संचार साथी ऐप को प्री–इंस्टॉल करने की शर्त हटाई, कहा–उपयोगकर्ता की साइबर सुरक्षा ही इसका एकमात्र उद्देश्य।
2. विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने शीतकालीन सत्र की तैयारी को लेकर की उच्च स्तरीय बैठक, विभागों को समयबद्ध उत्तर और दस्तावेज उपलब्ध कराने का दिया निर्देश।
3. स्वास्थ्य मंत्री ने जमशेदपुर सदर अस्पताल में 100 बेड के आधुनिक फैब्रिकेटेड अस्पताल और सिकल सेल लैब का किया उद्घाटन, कहा–इससे कोल्हान क्षेत्र में जांच और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती।
4. राज्यव्यापी नशा विरोधी अभियान के तहत गिरिडीह पुलिस को मिली बड़ी सफलता, एक ट्रक से अवैध शराब बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार।
5. उत्तर भारत की बर्फबारी के बाद राज्य में तापमान तेजी से गिरा, मौसम विभाग ने सात जिलों में शीतलहर का जारी किया येलो अलर्ट।

******************

सरकार ने संचार साथी एप की बढती स्वीकार्यता के बीच मोबाइल फोन निर्माता कंपनियों के लिए एप को पहले से इन्सटॉल करने को अनिवार्य नहीं करने का फैसला लिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नागरिक जब चाहे इस एप को हटा सकते हैं और इस एप का उपायोगकर्ताओं की सुरक्षा के अलावा और कोई कार्य नहीं है। अब तक एक करोड चालीस लाख उपयोगकर्ताओं ने इस एप को डाउनलोड किया है और प्रतिदिन धोखाधडी से सम्बंधित दो हजार घटनाएं सामने आ रही हैं।

******************

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो ने कल से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र की तैयारी को लेकर कल एक उच्च स्तरीय बैठक की। इस बैठक में उन्होंने विभागों को समयबद्ध उत्तर और विधेयक संबंधी सभी दस्तावेज पूर्व निर्धारित तिथियों के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सत्र के दौरान वरीय अधिकारी दीर्घा में उपस्थित रहें और विधेयकों की प्रतियां तीन दिन पहले सचिवालय को भेजकर सदस्यों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। इस बैठक में संसदीय कार्यमंत्री, मुख्य सचिव, वरीय अधिकारी और रांची जिला प्रशासन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

******************

स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने जमशेदपुर के सदर अस्पताल खासमहल में 100 बेड वाले आधुनिक फैब्रिकेटेड अस्पताल और टाटा स्टील फाउंडेशन की सहायता से बने सिकल सेल एनीमिया लैब का उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री ने कहा कि इन सुविधाओं से कोल्हान के मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर जांच और उपचार मिलेगा, साथ ही अस्पताल में डिजिटल हेल्थ सेवाओं का भी विस्तार हुआ है।

******************

जमशेदपुर में स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन की सरकार पूरी मजबूती से चल रही है और इसे गिराने की अफवाहें भाजपा की राजनीतिक चाल हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन किसी दबाव में नहीं हैं, बल्कि राज्य सरकार विकास कार्यों पर केंद्रित है।

******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोहरदगा में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हेमंत सरकार का हर विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त है और सरकार जनता से किए गए वादों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने रोजगार, स्थानीय नीति, मैया सम्मान योजना, शिक्षा, धान खरीदी और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। श्री मरांडी ने कहा कि राज्य में बड़े घोटाले हो रहे हैं और सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए अधिकारियों पर कार्रवाई दिखाकर जनता को गुमराह कर रही है।

******************

हजारीबाग के बहुचर्चित वन भूमि घोटाले में आरोपी और जेल में बंद आईएएस अधिकारी और तत्कालीन उपायुक्त विनय चौबे की जमानत याचिका एसीबी की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। अदालत ने अभियोजन और बचाव पक्ष की दलीलें सुनने के बाद कल आदेश पारित किया।

******************

गिरिडीह पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक में ले जाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ (अंग्रेजी शराब) के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। एसपी डॉक्टर विमल कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों पर रांची, रामगढ़, हजारीबाग और बिहार के कई थानों में मामले दर्ज हैं और सभी वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

******************

सरायकेला खरसावां के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्यों और राजस्व ग्रामों के नामकरण में बदलाव को लेकर झामुमों के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने राजस्व ग्रामों के मूल नामों से 'बस्ती' शब्द हटाने और रैयती भूमि पर बने सड़कों और भवनों का नामकरण दानदाताओं के नाम पर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इससे खतियानी रैयतों के योगदान का सम्मान होगा और झारखंडी अस्मिता को मजबूती मिलेगी।

******************

साहेबगंज में श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेले में 16 नियोजक शामिल हुए और 2430 रिक्तियों के लिए चयन प्रक्रिया संचालित की गई। मेले में 166 अभ्यर्थियों का चयन हुआ और चयनित छह अभ्यर्थियों को उप विकास आयुक्त सतीश चंद्र ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

******************

गढ़वा जिले में विधवा महिलाओं के पुनर्विवाह प्रोत्साहन करने के लिए राज्य विधवा पुनर्विवाह प्रोत्साहन योजना शुरू किया गया है।

******************

जम्मू–कश्मीर और हिमाचल की बर्फबारी से ठंडी हवाएं पूर्वी भारत की ओर बढ़ रही हैं, जिससे तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए लातेहार, गढ़वा, पलामू, चतरा, सिमडेगा, लोहरदगा और गुमला में शीतलहर का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि सिर्फ पश्चिमी झारखंड ही नहीं, बल्कि आसपास के मध्य क्षेत्रों में भी तापमान में और गिरावट दर्ज होने की संभावना है।

******************

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

- रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रिजल्ट जारी करने के हाईकोर्ट के आदेश को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।
- दैनिक भास्कर ने होईकोर्ट के हवाले से लिखा है–सीजीएल जेएसएससी रिजल्ट जारी कर नियुक्ति की अनुशंसा करें।
- प्रभात खबर की सुर्खी है– विनय चौबे की पत्नी से घर पर जाकर एसीबी ने की पूछताछ।
- हिन्दुस्तान ने धनबाद के केंदुआडीह इलाके में गैस का रिसाव, महिला की मौत को अपनी सुर्खी बनाई है।

- दैनिक जागरण लिखता है–हाईकोर्ट का आदेश, रिम्स परिसर से 72 घंटे में अतिक्रमण हटाएं।

************************